बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 56वीं से 59वीं संयुक्त सम्मिलित प्रतियोगिता (मुख्य) परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन भरने के क्रम में अभ्यर्थी के मोबाइल नम्बर की आवश्यकता होती है। उल्लेखनीय है कि 56वीं से 59वीं संयुक्त सम्मिलित प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा में सफल कई अभ्यर्थियों द्वारा प्रारम्भिक परीक्षा से संबंधित OMR Form में अपना मोबाइल नम्बर गलत दिया गया है या मोबाइल नम्बर नहीं दिया गया है, जिसके कारण अभ्यर्थी को OTP. User id एवं Password नहीं प्राप्त हो रहा है वैसे सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 04.02.2016 से दिनांक 06.02.2016 तक प्रतिदिन 10.00 बजे पूर्वाह्न से अपराह्न 5.00 बजे तक बिहार लोक सेवा आयोग, पटना, बेली रोड के पूछ–ताछ काउन्टर (Enquiry Counter) पर एक सादे कागज पर आवेदन पत्र लिख कर उस पर अपना कार्यरत मोबाइल नम्बर अंकित करेंगे तथा उस आवेदन पत्र के साथ प्रारम्भिक परीक्षा के प्रवेश पत्र (Admit card) की छायाप्रति भी संलग्न कर जमा करना सुनिश्चित करेंगे अथवा e-mail के माध्यम से mobilebpsc@gmail.com पर दिनांक 04.02.2016 से दिनांक 05.02.2016 तक प्रारम्भिक परीक्षा का प्रवेश पत्र (Admit card) एवं कार्यरत मोबाइल के सम्बन्ध में आवेदन पत्र भेजेंगे।

उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद मोबाइल नम्बर सुधार के संबंध में किसी प्रकार के आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

56वीं से 59वीं प्रारम्भिक परीक्षा में सफल वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा पूर्व में ही मोबाइल नम्बर का सुधार करा लिया गया है अथवा जिन्हें User id एवं Password प्राप्त हो गया है, उन्हें मोबाइल नम्बर सुधार से संबंधित आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है।

3/2/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।